(ख) यदि हां, तो ये किन-किन स्थानों पर स्थापित किये जायेंगे;

(ग) क्या गैर-सरकारी क्षेत्र से ऐसी कोई प्रार्थना प्राप्त हुई है कि उन को भी इस में भाग लेने दिया जाये; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

**निर्माण और आवास मन्त्री (श्री मेहरचन्द खन्ना)** : (क) चौथी योजना में दो फ़ोटो-लीथो और पांच फ़ार्मस मुद्रणालय स्थापित करने का विचार है ।

(ख) एक फ़ोटोलीथो मुद्रणालय फरीदाबाद में स्थापित किया जायेगा और एक फार्मस मुद्रणालय गाज़ियाबाद में । बाकी के मुद्रणालयों के स्थान का अभी निश्चय नहीं किया गया है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) सवाल ही नहीं उठता ।

### अमरीकी सहायता

15. { **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री प० ह० भील :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमरीकी सहायता के बारे में बातचीत करने के लिए भारत सरकार की ओर से एक प्रतिनिधि-मंडल अमरीका जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो कितनी सहायता मांगी जायेगी और सहायता किस रूप में होगी;

(ग) क्या अन्य देशों को भी ऐसे प्रतिनिधि-मंडल भेजने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो किन देशों को ?

**वित्त मन्त्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** (क) जी नहीं ।

(ख), (ग) और (घ). ये सवाल पैदा ही नहीं होते ।

### जीवन बीमा निगम द्वारा दिये जाने वाले ऋण

16. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जीवन बीमा निगम ने अचल सम्पत्तियों को बन्धक के रूप में रख कर ऋण देने की योजना को हाल में दस और नगरों में लागू किया है;

(ख) यदि हां, तो किस तारीख से तथा उन नगरों के क्या नाम हैं; और

(ग) योजना के निबन्धन तथा शर्तें क्या हैं ?

**वित्त मन्त्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)**: (क) और (ख). पहली जनवरी, 1965 से यह योजना नीचे लिखे दस और नगरों में लागू की गयी है :—

आगरा अजमेर, आसनसोल, जबलपुर, जालन्धर, लुधियाना, मेरठ, नासक, राजकोट और वाराणसी ।

(ग) योजना की वर्तमान शर्तों में, जो इस प्रकार हैं, कोई परिवर्तन नहीं किया गया है :—

(1) ब्याज की दर 8 प्रतिशत वार्षिक और अदायगी हर छमाही । ब्याज और मूल की किस्तों की ठीक समय पर अदायगी करने पर ब्याज में 1 प्रतिशत की छूट;

(2) अधिकतम अवधि 15 वर्ष;

(3) मूल की किस्तों की अदायगी हर छमाही; और

(4) ऋण की अधिकतम सीमा सम्पत्ति के मूल्य का 50 प्रतिशत ।

**बाल मृत्यु**

17. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार रूसी विशेषज्ञों के सहयोग से भारत में बहुत अधिक संख्या में होने वाली बाल मृत्युओं के कारणों की जांच करने के लिए एक सर्वेक्षण करने का है; और

(ख) यदि हां, तो कब तथा इस परियोजना की रूपरेखा क्या होगी ?

**स्वास्थ्य मन्त्री (डा० सुशीला नायर) :** (क) और (ख). इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव भारत सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

**दिल्ली में विद्युत् श्मशान**

18. { **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री बड़े :**

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में एक विद्युत् श्मशान चालू हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस बात के लिए सहमत हो गई है कि इस श्मशान को बिजली विशेष घटी दरों पर दी जाये; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य मन्त्री (डा० सुशीला नायर) :** (क) जी नहीं ।

(ख) दिल्ली नगर निगम अथवा सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता ।

**Excise Duties**

19. { **Shri Solanki:**
**Shri Narasimha Reddy:**

Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) the amount of excise duties collected from the powerlooms in the textile mills during the year 1963-64; and

(b) the amount of excise duties collected from those powerlooms which are working outside the mills during the above period?

**The Minister of Finance (Shri T. T. Krishnamachari):** (a) and (b). A Statement showing information in regard to Central Excise revenue realised in respect of cotton fabrics produced by composite mills and powerloom units is given below:

STATEMENT

| Description | Amount Rs. (000) |
|---|---|
| Central Excise revenue realised during 1963-64 in respect of— | |
| (a) Cotton fabrics produced by composite mills | 75,90,58 |
| (b( Cotton fabrics produced by power-loom units. | 51,51 |

**Rehabilitation of Oustees from Project Areas**

20. { **Shri Daljit Singh:**
**Shri Hem Raj:**

Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1504 on the 17th December, 1964 and state the progress so far made to finalise the rehabilitation of oustees from the Pong Dam, Sutlej Beas-Link and Harike Projects?

**The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao):** The proposed meeting of the Committee of Direction to discuss the colonisation policy for the Rajasthan Canal area has not yet been held and the matter is still under consideration.